रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
26 जनवरी 2025, बरेली

अनंतवीर के शतक से जीता एसआरएमएस

बरेली। छठी शकुंतला देवी मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग के तीसरे दिन डोहरा स्टेडियम में आईके रेड और एसआरएमएस ने अपने मुकाबले जीते।

शनिवार को पहले मैच में एसआरएमएस अकादमी ने मात्र 3 विकेट खोकर 206 रन बनाए। अनंतवीर ने 66 गेंदों में नाबाद 138 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें 13 चौके व 8 छक्के शामिल रहे। टीचर्स क्रिकेट क्लब 7 विकेट खोकर 126 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में आईके रेड ने गज ग्रीन के सामने 169 रनों का लक्ष्य रखा। सत्यम सांगू ने ताबड़तोड़ 77 व जीशन ने 41 रनों की पारी खेली। गज ग्रीन की टीम 123 रनों पर ही ढेर हो गई। गज ग्रीन के लिए यशु प्रधान ने सर्वाधिक 54 रनों की पारी खेली। बरेली वेटेरन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुशाहिद हसन खां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।